दैनिक न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

रायगढ़, बुधवार 25 सितंबर 2024

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### गांव में घुसा 100 हाथियों का दल

**रायगढ़-रायपुर (आरएनएस)।** जिले के धरमजयगढ़ विधानसभा के ग्राम कोईलार में आज सुबह एक बड़े हादसे की आशंका उत्पन्न हो गई जब 100 से अधिक हाथियों का झुंड अचानक गांव में घुस आया. हाथियों के आमद से पूरे गांव में हडक़ंप मच गया और लोग एकजुट होकर हाथियों को देख अपनी जान जोखिम में डालकर पास पहुंचे और हाथियों को खदेडऩे की कोशिश करने लगे। हैरान करने वाली बात यह है कि ग्रामीणों को अपनी जान का डर नहीं था. हाथियों के विशाल झुंड को खदेडऩे के लिए उसके पास जाने से बड़ी घटना हो सकती थी. हालंकि गनीमत रही कि हाथियों ने कोई आक्रामकता नहीं दिखाई और हाथियों का दल आगे की ओर बढ़ गया।

### जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास सारंगढ़ की भर्ती हेतु दावा आपत्ति 03 अक्टूबर तक आमंत्रित

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा भर्ती विज्ञापन जारी कर जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण (एचयूबी) अंतर्गत विभिन्न पदों (जिला मिशन समन्वयक, जेंडर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर पीएम एमवीवाई एवं मल्टी टास्क स्टाफ) हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों का सूक्ष्म मूल्यांकन कर जिला स्तरीय समिति द्वारा एक प्राविधिक अंतिम सूची जारी किया गया है। इस सूची में यदि किसी अभ्यर्थी को दावा आपत्ति हो तो वह कार्यालय जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग,जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़, आईसीआईसीआई बैंक के सामने, पटेल विला रायगढ़ रोड सारंगढ़ पिनकोड 496445 में 03 अक्टूबर 2024 तक कार्यालय समय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर या रजिस्टर्ड डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से साक्ष्य सहित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। मूल आवेदन के समय प्रस्तुत दस्तावेजों पर ही दावा आपत्ति मान्य किए जाएंगे। यह सूची सारंगढ़ बिलाईगढ़ डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन https://sarangarh-bilaigarh.cg.gov.in/en/notice_category/recruitment/ पर भी उपलब्ध है।

### तंत्र-मंत्र के चक्कर में कब्र खोदार निकाला महिला का शव, दो गिरफ्तार

**गरियाबंद-रायपुर (आरएनएस)।** तंत्र-मंत्र की सिद्धी पाने के लिए महिला का कब्र खोदकर शव निकालने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. यह घटना छुरा थाना क्षेत्र के सिवनी ग्राम की है. इस मामले में पुलिस ने दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. एएसपी जितेंद्र चंद्राकर ने घटना की पुष्टि की है. मिली जानकारी के मुताबिक, भुखन विश्वकर्मा की पत्नी सुनेती विश्वकर्मा की मृत्यु होने के बाद शव को मिट्टी में दफनाकर अंतिम संस्कार किया गया था. गांव के ही एक व्यक्ति और उसके अन्य साथी ने लाश को कब्र से बाहर निकालकर पूजा तंत्र विधा जैसा कार्य किया गया था. मृतक के ही मोहल्ले के रहने वाले ने इस घटना को अंजाम दिया है. आसपास पता किए तो पता चला कि गांव के नंदे यादव शाम को रापा फावड़ा लेकर शमशान घाट की ओर गया था. गांव में नंदे यादव को बुलाकर पूछे तो कब्र को अपने साथियों के साथ खोदना बताया। मृतक के परिजन एवं ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत छुरा थाने में की. इस घटना के बाद गांव में आक्रोश है. छुरा पुलिस मौके पर पहुंची और सही ढंग से ग्रामीणों एवं परिजनों के माध्यम से खुदी हुई कब्र को ठीक किया. ग्रामीणों को समझाइश देते हुए पुलिस ने मामला शांत कराया. वहीं पुलिस ने 24 घंटे के अंदर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने साइबर सेल का "जन चेतना" अभियान जारी

# शहीद वीरनारायण कॉलेज जोबी में आयोजित हुआ विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम

**डीएसपी साइबर सेल ने छात्रों को समझाया साइबर फ्रॉड और सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने के उपाए**

रायगढ़




माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के दिशा-निर्देशन पर साइबर अपराध के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर जिले में पुलिस जन चौपाल व विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही साइबर सेल डीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में साइबर जागरूकता हेतु विशेष "जन चेतना" अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत साइबर सेल की टीम अलग-अलग थाना क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को साइबर फ्रॉड से बचने के तरीकों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज थाना खरसिया क्षेत्र के शहीद वीरनारायण शासकीय महाविद्यालय जोबी बर्रा में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डीएसपी अभिनव उपाध्याय, पुलिस चौकी जोबी प्रभारी एएसआई आशिक रात्रे, साइबर सेल के हेड कांस्टेबल दुर्गेश सिंह, कांस्टेबल नवीन शुक्ला ने महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम के दौरान डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने समसामयिक रूप में घटित होने वाले सभी विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों जैसे फिशिंग फ्रॉड, कॉलिंग फ्रॉड, एटीएम फ्रॉड, यूपीआई फ्रॉड, ओएलएक्स फ्रॉड, सेक्सटॉर्शन और शेयर मार्केट ट्रेडिंग फ्रॉड के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जाने वाले तरीकों और उनसे बचने के उपायों पर भी चर्चा की। इसके साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि पर कैसे सुरक्षित रहें, इस पर भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

डीएसपी अभिनव उपाध्याय और उनकी टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को व्हाट्सएप में टू-स्टेप वेरिफिकेशन और फेसबुक, गूगल में सेफ सर्च का उपयोग करने के तरीके का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान छात्रों की ओर से अच्छे प्रश्न और प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं।

कार्यक्रम के अंत में डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने सभी उपस्थित लोगों को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई। शपथ में उन्होंने सभी को साइबर अपराधों से बचने के लिए सचेत और जागरूक रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में साइबर सेल के आरक्षक परमानंद पटेल और आरक्षक सुदर्शन पाण्डेय (छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल) की भी विशेष सहभागिता रही।

साइबर सुरक्षा शपथ- "मैं अपने साइबर सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं लेता हूं, मैं लगातार अपने साइबर जागरूकता हेतु अपना ज्ञानवर्धन बढ़ाता रहूंगा, किसी भी सर्च इंजन, गूगल में कस्टमर केयर नंबर सर्च नहीं करूंगा, उनके अधिकृत साइट पर ही जाकर सर्च करूंगा। किसी भी अनजान व्यक्ति से अपना ओटीपी या पिन नंबर, बैंक, आधार, पैन कार्ड की कोई भी नहीं जानकारी साझा नहीं करूंगा, और एटीएम से पैसे निकलते वक्त अपना पिन छुपा कर ही इंटर करूंगा। किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक नहीं करूंगा और किसी कोई प्रकार की जानकारी अंजान व्यक्तियों से साझा नहीं करूंगा अथवा यदि कोई आनलाइन पुलिस की फोटो डालकर या अन्य किसी प्रकार से मुझे डराया या दबाव दिया जाता है तो साइबर सेल या निकटतम पुलिस थाने से संपर्क करूंगा। मेरे या मेरे किसी मित्र के साथ अगर ऑनलाइन फ्रॉड हो जाता है तो इसकी सूचना 9479281934 या 1930 पर दर्ज कराऊंगा। "

# जनदर्शन में अपर कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

रायगढ़



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिला कार्यालय के सृजन सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में आज अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने जिले के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों से मुलाकात की। उन्होंने उनकी मांगों, समस्याओं और शिकायत संबंधी सभी आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए निराकरण कराने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

रेलवे बंगलापारा रायगढ़ के 60 वर्षीय मदन मोहन यादव वृद्धापेंशन की मांग हेतु आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उम्र के इस पड़ाव में कही आने-जाने एवं मजदूरी करने में काफी परेशानी हो रही है, जिसकी वजह से जीवन-यापन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में वृद्धापेंशन का लाभ मिल जाता तो आसानी होती। उन्होंने इस संबंध में नगर निगम में भी आवेदन जमा कर चुके है, लेकिन आज पर्यन्त तक किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं मिली है। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित को वृद्धापेंशन का लाभ दिलाने हेतु आयुक्त नगर निगम को निर्देशित किया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़तराई के प्राचार्य स्कूल में विभिन्न विषयों के शिक्षकों की पदस्थापना किए जाने संबंधी आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि विद्यालय में अंग्रेजी, भौतिकी और वाणिज्य विषय के शिक्षकों के पद रिक्त है। जिसकी वजह से संस्था में अध्ययनरत विद्यार्थियों का अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने छात्रहित को ध्यान में रखते जिला शिक्षा अधिकारी को उक्त स्कूल में शिक्षक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

पनिका समाज के लोग शमशान घाट की भूमि को सीमांकन कराकर अवैध कब्जा से मुक्त कराने संबंधी आवेदन लेकर पहुंचे हुए थे। उन्होंने बताया कि सहदेवपाली तुकमुड़ा वार्ड क्रमांक 41 में पनिका समाज के द्वारा काबिज शमशान घाट की भूमि को कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। जिसकी वजह समाज के मृतक को दफनाने हेतु जगह की कमी हो रही है। अपर कलेक्टर पाण्डेय ने तहसीलदार रायगढ़ को मौका मुआयना कर उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। बिरहोर बाहुल्य ग्राम खलबोरा के लोग सड़क निर्माण के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि ग्राम खलबोरा से दर्रीडीह लगभग 3 कि.मी.एवं ओंगना से खलबोरा लगभग 2.5 कि.मी.की कच्ची सड़क को डामरीकरण सड़क बनाये जाने हेतु निवेदन किया। उन्होंने बताया कि कच्ची सड़क होने की वजह से खासकर बरसात के दिनों में काफी दिक्कत हो रही है। अपर कलेक्टर ने सीईओ जनपद धरमजयगढ़ को आवेदन पर जांच करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी तरह आज जनदर्शन में राशन कार्ड, पीएम आवास, वृद्धा पेंशन, चिकित्सा सहायता से विभिन्न मांगों से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचे थे।

# तीन शो-रूम का टूटा ताला, लाखों की चोरी

**जगदलपुर-रायपुर ।** आरएनएस

शहर के गीदम रोड स्थित चारपहिया वाहनों के तीन शो-रूम में बीती रात चोरों ने एक संगठित तरीके से धावा बोला. इस वारदात में लगभग 8 लाख रुपए की चोरी हुई है. इस घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगी है. स्थानीय लोगों में भय का माहौल पैदा है. वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रात में 5 चोरों ने एक के बाद एक मारुति सुजुकी, महेंद्रा और टोयोटा शो रूम में घुसपैठ की. हैरानी की बात तो यह है कि सभी शो-रूम में सुरक्षा गार्ड तैनात थे, लेकिन उन्हें चोरी की भनक तक नहीं लगी. सुबह जब शो-रूम के कर्मचारी पहुंचे तो उन्हें चोरी की घटना का पता चला। एक के बाद एक सभी शो-रूम में चोरी की गई थी, जिससे इलाके में हडक़ंप मच गया. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. परपा थाना क्षेत्र की इस घटना के बारे में एसडीओपी विश्व दीपक त्रिपाठी ने बताया, चोरों को जल्द पकड़ लिया जाएगा. मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू की गई है. सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है. उम्मीद है कि चोरों को जल्द ही पकड़ लेंगे।

# पुलिस ने शराब परिवहन कर रहे आरोपी से 30 पाव देशी, अंग्रेजी शराब और मोटरसाइकिल किया जब्त

रायगढ़

कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कल मुखबीर सूचना पर एक व्यक्ति को मोटर सायकल पर शराब तस्करी करते आरोपी को गिरफ्तार किया है। सहायक उप निरीक्षक इगेश्वर यादव और उनकी टीम जिसमें प्रधान आरक्षक श्रीराम साहू, आरक्षक मनोज पटनायक, कुंवर भगत और कमलेश यादव शामिल थे, टीम ने टाउन पेट्रोलिंग और माइनर एक्ट की कार्यवाही के दौरान यह कार्रवाई की।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस को जानकारी मिली कि उर्दना ढाबा का कर्मचारी विवेक निषाद भारी मात्रा में शराब लेकर ढाबा में अवैध रूप से बिक्री के लिए जा रहा है। मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिये के अनुसार, आरोपी विवेक निषाद को बडेरामपुर स्कूल के पास रोड किनारे नाकेबंदी कर रोका गया। आरोपी की मोटर साइकिल (HF डिलक्स, सिल्वर-हरा-काला रंग, नंबर CG 13 AG 4612) को रोककर तलाशी लेने पर उसके पिट्ठू बैग से 15 पाव देशी प्लेन मदिरा और 15 पाव अंग्रेजी गोल्डन गोवा सुपीरियर शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी विवेक निषाद, पिता शंकर निषाद, उम्र 26 वर्ष, निवासी ढिमरापुर चौक, पुरानी बस्ती, थाना कोतवाली, जिला रायगढ़ से कुल 5.400 बल्क लीटर अवैध शराब (कीमत 3300 रूपए), HF डिलक्स बाइक (कीमत 25000 रूपए), जब्त की। आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में धारा 34(2), 59-क आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरीराज सिंह ने गणेशराम सिदार और संतोष कुमार देवांगन को बेस्ट एचिवर पुरस्कार से किया सम्मानित

सारंगढ़-बिलाईगढ़



केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरीराज सिंह ने बैंगलूरु में केन्द्रीय रेशम बोर्ड के 75वें स्थापना दिवस पर 20 सितम्बर को सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के गणेश राम सिदार और जांजगीर चांपा जिले के संतोष कुमार देवांगन को रेशम पालन के क्षेत्र में पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। कार्यक्रम में टसर कृमिपालक एवं टसर धागाकारक गतिविधि के लिए छत्तीसगढ़ को बेस्ट एचिवर पुरस्कार से नवाजा गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने इसके लिए विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों और रेशम पालक किसानों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

ग्रामोद्योग के इस उपलब्धि पर सचिव सह संचालक यशवंत कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ ग्रामोद्योग विभाग द्वारा परीक्षण एवं अनुशंसा के उपरांत संतोष कुमार देवांगन, ग्राम-सिवनी, जिला-जांजगीर-चांपा को धागाकारक एवं गणेश राम सिदार, ग्राम-बार जिला-सारंगढ, बिलाईगढ़ को टसर कृमिपालक के रूप में नामांकित करते हुए कृषकों द्वारा दोनों विधाओं में प्राप्त उत्कृष्ट उपलब्धि पत्रक एवं हितग्राहियों की सफलता की कहानी फोटोग्राफ एवं विडियो सहित पूर्ण संकलन संयुक्त सचिव केन्द्रीय रेशम बोर्ड बैंगलूरू प्रेषित किया गया था।

छत्तीसगढ़ शासन के ग्रामोद्योग विभाग (रेशम प्रभाग) द्वारा ''प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन'' में भाग लेने के लिए राज्य की ओर से टसर कृमि पालक और धागाकारक के किसान को प्लेटिनम जुबली सेलिब्रेशन में भेजा गया था। इन दोनों विधाओं के प्रतिभागी कृषकों को केन्द्रीय रेशम बोर्ड बैंगलूरू द्वारा पुरस्कृत किया गया है।

# ग्रामीण युवती और महिलाओं के लिए सिलाई और ब्यूटी पार्लर का निवास और भोजन सुविधा के साथ निशुल्क प्रशिक्षण

**30 सितम्बर से ब्यूटी पार्लर और 1 अक्टूबर से सिलाई का प्रशिक्षण होगा प्रारंभ**

सारंगढ़-बिलाईगढ़

रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण युवती और महिलाओं के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशन में भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) रायगढ़ में ब्यूटी पार्लर और सिलाई का 30 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण आयोजित की जा रही हैं। 30 सितम्बर 2024 से ब्यूटी पार्लर प्रबंधन और 1 अक्टूबर 2024 से महिला सिलाई का प्रशिक्षण प्रारंभ होगा। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी और रजिस्ट्रेशन के लिये मोबाइल नम्बर पर 7974942078, 865691978, 7999984982 संपर्क कर और दस्तावेज वाट्सअप करके पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहना,खाना एवं सीखना पूर्णतः निःशुल्क हैं।

एसबीआई आरसेटी रायगढ़ के सीनियर समन्वयक श्रवण श्रीवास्तव से प्राप्त जानकारी अनुसार इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवती एवं महिला को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 08 वीं पास होना अनिवार्य हैं। प्रशिक्षाणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, रोजगार गारंटी जॉब कार्ड,बैंक पासबुक एवं 05 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टी.वी. टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं। विशेष रोजगार गारंटी के तहत् एक वित्तीय वर्ष में 100 दिन कार्य किया हैं, तो उसे रोजगार गारंटी के तहत् प्रति दिवस 221 रुपए की दर से भत्ता भी प्रदान किया जायेगा। प्रमाणित प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाता हैं। प्रशिक्षण अवधि में खाना, रुकना एवं सीखना पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। प्रशिक्षण पश्चात् प्रमाण पत्र दिया जायेगा।व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु बैंक से ऋण भी उपलब्ध कराया जाता हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता** इस संघ का गठनसम्पूर्ण छतीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु** प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें** संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छतीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001


www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# नारायणपुर में मुठभेड़ : एक महिला सहित तीन नक्सली ढेर, जवानों की सर्चिंग जारी

**नारायणपुर ।** आरएनएस



छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में सोमवार को पुलिस व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो पुरुष और एक महिला सहित तीन नक्सली मारे गए। साथ ही सुरक्षा बल के जवानों ने एके 47 और गोला-बारूद बरामद किया गया है। फिलहाल तलाशी अभियान जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार नारायणपुर अबूझमाड़ के क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी। इसके बाद सर्चिंग अभियान पर संयुक्त पुलिस पार्टी गई थी। सर्चिंग के दौरान आज शाम 4 बजे से लगातार पुलिस पार्टी और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। दो पुरुष और एक महिला नक्सली मुठभेड़ में मारे गए। र्ये 47 सहित कई अन्य हथियार बरामद किये गए हैं। सभी जवान सुरक्षित हैं और सर्च अभियान जारी है।

### मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को किया ढ़ेर

**सुकमा-रायपुर (आरएनएस)।** जिले के थाना चिंतलनार क्षेत्रान्तर्गत करकनगुड़ा के जंगल-पहाड़ी में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें डीआरजी, सीआरपीएफ व कोबरा के जवानों ने नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 2 नक्सलियों को मार गिराया। करकनगुड़ा के जंगलों में नक्सलियों की बटालियन सप्लाई टीम और जगरगुंडा एरिया कमेटी की 30-40 नक्सलियो की उपस्थित सूचना सुरक्षा बलों को मिली थी। इस पर जिला बल, डीआरजी, बस्तर फाइटर और 206 वाहिनी कोबरा की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इलाके में घेराबंदी की गई। इस दौरान नक्सलियों की तरफ से गोलीबारी शुरू हो गई। इधर सुरक्षाबलों की टीम ने भी जवाबी फायरिंग करते हुए नक्सलियों को जवाब दिया। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को सफलता हासिल हुई और 2 नक्सलियों को ढेर कर दिया। मुठभेड़ के बाद घटना स्थल की सर्चिंग करने पर सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में नक्सलियों की डंप सामाग्रियों को बरामद किया है।